राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

पत्र संख्या–प0नि0 30–23 / 2025 3590
प्रेषक,

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी, (पंचायत)
बिहार।

पटना, दिनांक 04/09/2026.

**विषयः–वर्ष, 2011 की जनगणना के EB Wise Data का मोबाईल ऐप से आयोग के वेबसाईट पर प्रविष्टि किये जाने के संबंध में।**

**प्रसंगः–आयोग का पत्रांक 3486 दिनांक 31.08.2026, पत्रांक 3480 दिनांक 28.08.2026 एवं पत्रांक 3453 दिनांक 24.08.2026**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि सरकार द्वारा वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर नये सिरे से पंचायतों का परिसीमन कराये जाने का निर्णय लिया गया है उक्त क्रम में EB Wise Data की प्रविष्टि आयोग के वेबसाईट पर दिनांक–10.09.2026 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, परन्तु विभिन्न जिलों द्वारा किये जा रहे कार्य की प्रगति काफी धीमी है एवं डाटा प्रविष्टि के क्रम में त्रुटियाँ भी परिलक्षित हो रही है जिसके संदर्भ में माननीय आयुक्त महोदय द्वारा दिनांक–02.09.2026 को Video Conferencing के माध्यम से समीक्षोपरांत विभिन्न जिलों को आवश्यक निदेश भी दिये गए हैं।

पुनः डाटा प्रविष्टि से संबंधित विभिन्न जिलों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा आयोग स्तर से **दिनांक–05.09.2026 को BSWAN के माध्यम से Video Conferencing** द्वारा की जानी है एवं समीक्षा के उपरांत यथावश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाना है।

**समीक्षा–सह–प्रशिक्षण के कार्यक्रम निम्नवत् हैः–**

| तिथि एवं समय | प्रमंडल का नाम | समीक्षा–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले पदाधिकारी |
|---|---|---|
| 05.09.2026 (03.00 बजे अपराहन् से) | तिरहुत, दरभंगा, कोसी, पूर्णियाँ एवं सारण | सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, डी.आई.ओ., आई.टी.मैनेजर, प्रोग्रामर, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड आई.टी. सहायक तथा उनके सभी टीम |
| 05.09.2026 (05.00 बजे अपराहन् से) | पटना, मुंगेर, मगध एवं भागलपुर | |

अनुरोध है कि उर्पयुक्त समीक्षा–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, डी.आई.ओ., आई.टी.मैनेजर, प्रोग्रामर, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड आई.टी.सहायक तथा उनके सभी टीम को अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

4/9/26

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

ज्ञापांक प0नि0 30–23 / 2025– 3590
पटना, दिनांक – 04/09/2026.

प्रतिलिपि : SER टीम / BSWAN के टेक्निकल टीम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाइ हेतु प्रेषित।

4/9/26

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।